Publication: Vyapar (Hindi)	**Edition: Mumbai**
Date: September 17, 2016	**Page: 3**

एचपीएल के निर्गम का प्राइस बैंड 175 से 202 रुपए

एचपीएल इलेक्ट्रिक एण्ड पावर लि. के 10 रु. प्रत्येक समभाव के इक्विटी शेयरों का इनिशियल पब्लिक आफर 22 सितम्बर को खुलेगा और 26 सितम्बर को बंद होगा। 361 करोड़ रु. के इश्यू का प्राइस बैंड 175 से 202 रु. प्रति इक्विटी शेयर निश्चित किया गया है। न्यूनतम 70 इक्विटी शेयर और उसके बाद 70 इक्विटी शेयरों के गुणक में बिड किया जा सकता है।

यह निर्गम बुक बिल्डिंग प्रोसेस के मार्फत किया जा रहा है। निर्गम की प्राप्ति का उपयोग कर्ज का पुनर्भुगतान करने एवं मार्जिन मनी की जरूरत पूरी करने के लिए किया जाएगा। आफर किए गए इक्विटी शेयरों को एनएसई एवं बीएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कंपनी देशभर में 2400 अधिकृत डीलरों के नेटवर्क के मार्फत स्विचगियर्स, लाइटिंग उपकरण एवं वायर्स व केबल की आपूर्ति करती है।